राजभाषा अधिकारियों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक

कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2023 को राजभाषा अधिकारियों की एक ऑनलाइन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस समीक्षा बैठक का शुभारंभ श्री अरविंद मिश्र, उप महाप्रबंधक (मासंप्र/राभा), इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै के बीज वक्तव्य के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री अजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक (राभा), कॉर्पोरेट कार्यालय भी उपस्थित रहें।

बैठक के दौरान इंडियन बैंक के सभी अंचल कार्यालयों, क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालयों एवं स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्रों में किए जा रहे राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित कार्य-निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई । इसी के साथ तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन भरने से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन हेतु ऑनलाइन रिपोर्टिंग पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें श्री केवल कृष्ण, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक(परामर्शदाता), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार; अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहें एवं उन्होनें उपस्थित सभी राजभाषा अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री अरविंद मिश्र, उप महाप्रबंधक (मासंप्र/राभा), इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै

राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित कार्य-निष्पादन की समीक्षा करते हुए श्री अजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक (राभा), इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै



ऑनलाइन रिपोर्टिंग पर आयोजित वेबीनारन को संबोधित करते हुए श्री केवल कृष्ण, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक(परामर्शदाता), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार



बैठक में ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित राजभाषा अधिकारीगण